भारत सरकार
ग्रामीण विकास मंत्रालय
भूमि संसाधन विभाग
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं0 1196
दिनांक 16 दिसम्बर, 2013 को उत्तरार्थ

ग्रामीण भूमिहीन लोगों का सर्वेक्षण

1196. श्री मोहम्मद अली खान:
श्रीमती टी. रत्नाबाई:

क्या ग्रामीण विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार के पास ग्रामीण भूमिहीन लोगों का कोई ब्यौरा अथवा विस्तृत आंकड़ों सहित कोई सर्वेक्षण रिपोर्ट है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है और ऐसे आंकड़े एकत्र करने के लिए क्षेत्र-वार क्या पद्धति अपनाई गई; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
ग्रामीण विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री लालचन्द कटारिया)

(क) और (ख): जी हां। राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण संगठन,2003 के अनुसार, देश में भूमिहीन परिवारों का अनुपात दर्शाने वाला विवरण अनुबंध में दिया गया है। राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण कार्यालय (एनएसएसओ) का क्षेत्रीय प्रचालन प्रभाग आंकड़ों के संग्रहण के लिए उत्तरदायी है। सर्वेक्षण रिपोर्टें एनएसएसओ के सर्वेक्षण डिजाइन और अनुसंधान प्रभाग द्वारा तैयार की गई हैं।

(ग): उपरोक्त (क) और (ख) के उत्तर को देखते हुए, प्रश्न नहीं उठता।

*****

अनुबंध

'ग्रामीण भूमिहीन लोगों का सर्वेक्षण' के संबंध में राज्य सभा में दिनांक 16.12.2013 को पूछे जाने वाले अतारांकित प्रश्न संख्या 1196 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

देश में भूमिहीन परिवारों के अनुपात का विवरण

राज्य	भूमिहीन परिवारों का प्रतिशत *
(1)	(2)
आंध्र प्रदेश	14.3
असम	8.1
बिहार[1]	7.6
गुजरात	13.6
हरियाणा	9.2
हिमाचल प्रदेश	15.0
जम्मू व कश्मीर	3.3
कर्नाटक	14.1
केरल	4.8
मध्य प्रदेश[2]	12.1
महाराष्ट्र	17.7
ओडिशा	9.6
पंजाब	4.6
राजस्थान	5.7
तमिलनाडु	16.6
उत्तर प्रदेश[3]	3.8
पश्चिम बंगाल	6.2
पूर्ण भारत	10.0

* राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण संगठन, 2003 के अनुसार।

[1]इसमें झारखण्ड शामिल है। [2]इसमें छत्तीसगढ़ शामिल है। [3]इसमें उत्तराखंड शामिल है।

*****